हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 अप्रैल 2024

04 प्रदेश की प्रवीण्य सूची से नदारद बैतूल



07 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में छात्राएं रहीं ...





### मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड ने जारी किया कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

# नर्मदापुरम की बेटियों ने 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं में मारी बाजी, इटारसी की रिया और नर्मदापुरम की धनश्री रही अव्वल

मप्र शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। जिसमें नर्मदांचल की बेटियों ने बाजी मारकर अपनी श्रेष्ठता एक बार फिर सिद्ध की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षाओं का संचालन किया गया। बुधवार को हाई स्कूल की परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नर्मदांचल की बेटियों ने बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त कर नर्मदांचल को गौरांवित किया है। जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन ने बताया कि इस वर्ष हाई स्कूल की परीक्षा में 13592 परीक्षार्थियों में से 13515 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें बालकों का परीक्षा परिणाम 51.87 प्रतिशत एवं बालिकाओं का परीक्षा परिणाम 56.83 प्रतिशत उत्तीर्ण रहा। इसी तरह हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में कुल 10153 में से 4722 बालक एवं 5451 बालिका परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मलित हुए। परीक्षार्थियों में से 4705 बालक एवं 5433 बालिकाओं में से 3002 बालक एवं 3917 बालिका कुल 6919 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

### जिले को गौरांवित करने वाले कक्षा 10वीं के विद्यार्थी

जिले की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले 10 विद्यार्थी इटारसी के रेनबो स्कूल की छात्रा राशिका राय ने 500 में से 484 सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जिले की प्राविण्य सूची अव्वल रही। वहीं नर्मदापुरम के समेरिटन्स हाई स्कूल राजा मोहल्ला की छात्रा अवनि गोहिया ने भी 500 में से 484 अंक प्राप्त कर प्राविण्य सूची में अव्वल रही। इसी तरह बनखेड़ी के वसुंधरा स्कूल की छात्रा सिद्धिका पटैल ने 479 अंक, नर्मदापुरम के सेठ गुरू प्रसाद स्कूल की छात्रा मुसेरा बेगम ने 478 अंक प्राप्त कर प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है।

### कक्षा 12वीं की प्राविण्य सूची

माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं में जिले की प्राविण्य सूची जारी की गई जिसमें समेरिटन्स हाई स्कूल राजा मोहल्ला की छात्रा धनश्री गोहिया को 479 अंक प्राप्त कर जिले में अव्वल रही। इसी तरह नर्मदापुरम के केरियर उमावि के छात्र गौरव गिरी को 478 अंक, नर्मदापुरम के सेठ गुरू प्रसाद स्कूल के छात्र स्वाष्तिक को 478 अंक, इटारसी रेनबो स्कूल की पलक को 477 अंक, सिवनीमालवा के टेगौर उमावि के आकाश को 470 अंक, इसी विद्यालय की छात्रा सलौनी बाथम को 478 अंक, पुरानी इटारसी शासकीय कन्या स्कूल की छात्रा हुमैरा को 467 अंक प्राप्त किए। नर्मदापुरम के सेंटपाल स्कूल के प्रांजल वर्मा को 465 अंक, माखननगर के आनंद बिहार स्कूल के छात्र हिमांशु को 461 अंक एवं नर्मदापुरम के शासकीय कन्या उमावि की छात्रा महक को 400 अंक प्राप्त हुए। सभी सफल विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग एवं नर्मदांचलवासियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### केम्पियन पब्लिक स्कूल का शत प्रतिशत रहा 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम




केम्पियन पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें कुल 82 विद्यार्थियों से 61 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें विज्ञान संकाय के छात्र क्रिश गौर ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार नीतेश साहू ने 92.6 प्रतिशत अंक, आशी राजपूत ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरांवित किया है। जिसमें गणित संकाय की छात्रा ऋचा छारी ने 91 प्रतिशत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कामर्स संकाय में निकिता राजपूत 87 प्रतिशत अंक, प्रथा शर्मा 85.6 प्रतिशत अंक, आकाश चौहान ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जो क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा 10वीं में कुल 86 परीक्षार्थी में से 55 परीक्षार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। जिसमें लक्ष्मी गोस्वामी ने 92.5 प्रतिशत अंक, विजेता चौरे ने 92.4 प्रतिशत अंक, पूनम साहू ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय की प्राचार्या नीलू सेठ एवं संचालक विजय सेठ ने समस्त विद्यार्थियों को सफलता अर्जित करने पर बधाई दी।

## समेरिटंस ने फिर सिद्ध की श्रेष्ठता, एमपी बोर्ड की 10वीं, 12वीं की परीक्षा में जिले में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एमपी बोर्ड द्वारा मंगलवार को जारी हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की परीक्षा के परिणामों में समेरिटंस के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी सिद्ध श्रेष्ठता को सिद्ध किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समेरिटंस समूह के माता महाकाली परिसर जुमेराती के विद्यार्थियों ने सफलता का ध्वज लहरा दिया।

कक्षा 12 वीं की परीक्षा में स्कूल की छात्रा धनश्री गोहिया 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम रही। जबकि 10वीं की परीक्षा में इसी स्कूल की छात्रा अवनी गोहिया 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में अव्वल रही। स्कूल का दोनों परीक्षाओं का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

### माखन नगर भी शत प्रतिशत

समूह के माखन नगर स्कूल का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। स्कूल का कक्षा 12वीं में गणित संकाय वैदेही वर्मा 95.2 प्रतिशत, बायोलॉजी संकाय में नैंसी चौहान 91.4 प्रतिशत और वाणिज्य संकाय में समृद्धि जैन 92.6 के साथ प्रथम रहे। परिणाम आने पर स्कूलों में विद्यार्थियों और अभिभावकों का तांता लग गया।

बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने जमकर खुशियां मनाई। समूह के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा जुमेराती स्कूल पहुंचे और बच्चों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य निधि दुबे, जागृति सिंह सहित समूह के सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने दी बधाई



समेरिटंस स्कूल जुमेराती की दोनों सगी बहन धनश्री गोहिया के कक्षा 12वीं एवं कक्षा 10वीं में अवनी गोहिया के प्रथम आने पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने दोनों छात्राओं, उनके माता पिता और डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा को बधाई दी। साथ ही उन्होंने परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में सफल नहीं हो सके विद्यार्थियों को भी निराश होने की आवश्यकता नहीं हैं। जीवन में कई विकल्प खुले हुए हैं।




## डॉ जेपी मालवीय को मिला क्लब एक्सीलेंस अवॉर्ड




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एमजेएफ ला डॉ जेपी मालवीय अध्यक्ष (भूतपूर्व) 2022-2023 के अपने अध्यक्ष कार्यकाल में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने के उपलक्ष्य में 23 अप्रैल 2024 डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की होटल रिवर व्यू में आयोजित कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा के दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ ला जेपीएस जोहार द्वारा क्लब एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह लायंस क्लब नर्मदापुरम के लिए बहुत ही सम्माननीय और गौरव की बात है की पहली बार किसी कार्यकाल में क्लब एक्सीलेंस अवॉर्ड प्राप्त हुआ।

### मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से चुनावी शोरगुल अब नहीं होगी रैली व प्रचार

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत 26 अप्रैल को संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद जिले की चारों विधानसभाओं, नरसिंहपुर की 03 विधानसभा तथा रायसेन की एक विधानसभा क्षेत्र में प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना द्वारा मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व 24 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद से चुनाव प्रचार करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## चुनाव के लिए बसों, छोटे वाहनों का हुआ अधिग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण 26 अप्रैल में नर्मदापुरम जिले की संसदीय सीट के निर्वाचन कार्य हेतु मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार आरटीओ अधिकारी के नेतृत्व में जिले तथा आसपास के जिलों से बसों का अधिग्रहण 24 अप्रैल दिन बुधवार को किया गया। जिले की सभी तहसीलों में कुल 314 बसें तथा 142 छोटे यात्री वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। जिसमे नर्मदापुरम तहसील में 55 बड़ी बसें 26 छोटे वाहन दिए गए, सोहागपुर तहसील में 78 बड़ी बस 38 छोटे वाहन, सिवनी मालवा तहसील में 90 बड़ी बसें 38 छोटे वाहन तथा पिपरिया तहसील में 91 बड़ी बसें 40 छोटे वाहन उपलब्ध करवाए गए। मतदान दलों के साथ ही सेक्टर ऑफिसर्स के लिए वाहन दिए गए है, जिससे मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को किया जा सकें। साथ ही सभी बसों में मतदान जागरूकता हेतु स्लोगन स्टीकर लगाए गए एवं बसों के चालको तथा परिचालको को नियमपूर्वक वाहन संचालन के सख्त निर्देश दिए गए।

## वाहनों की मॉनिटरिंग के लिए स्थापित जीपीएस कंट्रोल रूम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



लोकसभा निर्वाचन 2024 को सुचारू एवं सुव्यावस्थित रूप से संपन्न करने हेतु विभिन्न आधुनिक तकनीकों का उपयोग भी किया जा रहा है इसी के तहत कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जिले में जीपीएस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से निर्वाचन में कर्तव्यस्थ सेक्टर अधिकारियों एवं मतदान दलों को लाने ले जाने वाले वाहनों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी वाहनों में जीपीएस डिवाइस स्थापित कराये गये हैं। जिसमें उन वाहनों के द्वारा किये गये भ्रमण उनके गंतव्य स्थल एवं निश्चित समय में उनके द्वारा तय किये गये भ्रमण के पूरे रूट आदि की जानकारी प्राप्त हो जाती है। दिनांक 24 अप्रैल को स्थानीय कलेक्टर कार्यालय में बने जीपीएस कंट्रोल रूम का निरीक्षण कलेक्टर मीना एवं अपर कलेक्टर डी के सिंह के द्वारा किया गया उन्होंने कंट्रोल रूम में होने वाले जीपीएस सिस्टीम की जानकारी ली एवं लगातार की जा रही मॉनिटरिंग की सराहना भी की गई। भ्रमण के दौरान प्रभारी आनंद झैरवार को निर्देश दिये कि अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के सिस्टम पर भी मैप को दिखाने के लिये व्यवस्था की जाए जिससे कंट्रोल रूम में संलग्न अधिकारी कर्मचारी अलावा भी वरिष्ठ अधिकारी निगरानी कर सकें लोकसभा निर्वाचन के लिये विधानसभा होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र 17 में चारों विधानसभाओं के सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दलों को ले जाने वाले वाहनों की जानकारी जीपीएस के माध्यम से ली जायेगी इस कार्य के लिये कलेक्टर कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है जो 24 घंटे संचालित किया जा रहा है। लोक सेवा प्रबंधन के प्रबंधक आनंद झैरवार ने बताया कि कंट्रोल रूम में अभिषेक तिवारी नोडल अधिकारी हैं एवं प्रत्येक विधानसभा का नोडल अधिकारी बनाया गया है। आपने बताया कि चारों विधानसभाओं में 139 रिजर्व सहित सेक्टर अधिकारियों के वाहन है एवं 322 रिजर्व सहित मतदान दलों को ले जाने वाले वाहन हैं। इन सभी वाहनों में जीपीएस लगाने का कार्य किया जा रहा है। सभी वाहनों की निगरानी कंट्रोल रूम के माध्यम से की जायेगी जिसमें मतदान दल के सामग्री स्कूल से निकलने से लेकर जिला मुख्यालय पर बाहर आने तक की निगरानी की जाएगी यदि किसी वाहन में कोई समस्या आती है तो उसे तत्काल बदलकर दूसरे वाहन भेजने की व्यवस्था की जाएगी कंट्रोल रूम में चारों विधानसभा प्रभारी के साथ 4 कर्मचारी दिये हैं जो लगातार 24 घंटे जीपीएस टकिंग की मॉनिटरिंग करेंगे।

### एक अपराधी को 6 माह तक प्रति मंगलवार थाने में हाजिर होने के आदेश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना ने मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत आदेश पारित कर एक अपराधी शिवम इंगोले आत्मज प्रकाश इंगोले उम्र 22 साल, निवासी आदमगढ़ रोड बंगाली कॉलोनी नर्मदापुरम को आगामी 6 माह तक प्रति मंगलवार थाना कोतवाली नर्मदापुरम में उपस्थित होकर थाना हाजिरी लगाने के आदेश जारी किए हैं।

### मतदान के बाद अभिलेख स्ट्रांग रूम होगा बंद

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति के उपरांत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में नर्मदापुरम जिले की चारों विधानसभा 136 सिवनी मालवा, 137 होशंगाबाद, 138 सोहागपुर, 139 पिपरिया कि मतदान सामग्री पोल्ड ईवीएम एवं अभिलेखों को स्ट्रांग रूम में जमा कर बंद किया जाएगा। इसी प्रकार नरसिंहपुर की तीनों विधानसभा 119 नरसिंहपुर, 120 गाडरवारा, 121 तेंदूखेड़ा एवं रायसेन जिले की एक विस 140 उदयपुरा में भी मतदान सामग्री पोल्ड ईवीएम एवं अभिलेख को स्ट्रांग रूम में रखकर बंद किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्ताशय में जानकारी देते हुए निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों से कहा है।

### ग्वालियर में आयोजित जेएस आनंद ट्रॉफी सीनियर वूमेंस क्रिकेट प्रतियोगिता

# रीवा को हराकर नर्मदापुरम टीम पहुंची सेमीफाइनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में ग्वालियर में आयोजित की जा रही जेएस आनंद ट्रॉफी सीनियर वूमेंस (लिमिटिड ओवर) क्रिकेट प्रतियोगिता के आखरी लीग मैच में नर्मदापुरम संभाग की सीनियर वूमेंस टीम ने रीवा संभाग को 64 रनों से पराजित किया। मैच में टॉस नर्मदापुरम ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में अनन्या दुबे के शानदार नाबाद शतक 135 बॉल पर 112 रन एव कल्याणी जाधव की कप्तानी पारी नाबाद 150 बॉल पर 99 रन की बदौलत एक विकेट खोकर 234 रन बनाए इसके पश्चात 235 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रीवा की टीम 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर मात्र 170 रन बना सके नर्मदापुरम टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए ऋषिता परिहार ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए कल्याणी यादव एवं माही ठाकुर ने 1- 1 विकेट लिया। इस तरह नर्मदापुरम टीम ने यह मैच 64 रनों से जीता और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। अनन्या दुबे को बेहतरीन प्रदर्शन करने पर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। नर्मदापुरम टीम की इस उपलब्धि पर नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बधाई एवं अपनी शुभकामनाएं दी।



### अंडर 22 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे मैच में बैतूल ने नर्मदापुरम को 95 रन से पराजित किया



नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही अंडर 22 एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा मैच आज नर्मदापुरम एवं बेतूल के मध्य खेला गया। बैतूल टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बेतूल टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 222 रन बनाए टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए हेमंत नंदा ने 38 ने रन हिमांशु ने 31 रन का योगदान दिया। नर्मदापुरम टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए माधव शर्मा ने 10 ओवर में 43 रन दे कर 3 विकेट , शिवा राजपूत ने 51 रन दे कर 3 विकेट लिए। इसके पश्चात 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नर्मदापुरम टीम ने 40 ओवर में 127 रन पर ऑल आउट हो गई ।टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए माधव शर्मा ने 52 रन तथा प्रवीन यादव ने 37 रन का योगदान दिया। बैतूल टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए पार्थिव वानखेड़े ने 25 रन देकर 4 विकेट लिए तथा प्रतीक ने 24 रन देकर 2 विकेट लिए। इस तरह बैतूल ने यह मैच 95 रन से जीत लिया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका नीरज गौर एवं पुष्पेंद्र ठाकुर ने निभाई स्कोरर धीरज पाटिल रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बैतूल एवं नर्मदापुरम टीम के मध्य गुरूवार को सुबह खेला जाएगा।

## चलो रे वोट देने भैया, भले ही मौसम बदल जाये पर आप मत बदलना, वोट जरूर देना

### कलेक्टर के मार्गदर्शन में सारिका का मतदाताओं को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




इंतजार की घड़ियां समाप्ति की ओर हैं। 26 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 7 बजे से आपको मिलने जा रहा है आपकी अपनी सरकार चुनने का मौका जो कि आता है पांच सालों बाद। तो तैयार हो जाइये अपनी कीमती वोट को ईवीएम के माध्यम से अंकित करने के लिये। स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने मतदाताओं में उत्साह को जगाने चलो रे वोट देने भैया के नारे के साथ एक एक वोट की कीमत का महत्व बताया।

सारिका ने कहा कि कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम में वे नर्मदापुरम में रिकॉर्ड मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित कर रही हैं। मौसम विभाग ने शुक्रवार को मिले जुले मौसम की भविष्यवाणी की है। इसलिये मौसम की बाधा के पहले ही समय रहते वोट डालने अपने मतदान केंद्र पहुंचे। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की है।

## खबर संक्षेप

### स्व. अवनीश पाटणकर की स्मृति में ध्यान केन्द्र का शुभारंभ

**बैतूल।** जय नारायण सर्वोदय विद्यालय परिसर घरोंदा में स्व.अवनीश पाटणकर की स्मृति ध्यान केन्द्र प्रारंभ किया गया। संचालिका करुणा ताई देशमुख और हेमलता पाटणकर ने बताया कि इस ध्यान केन्द्र का इस आवासीय परिसर में रहने वाले मानसिक दिव्यांग छात्रों को और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी आयु वर्ग के लोगो के लिए भी ध्यान केन्द्र का लाभ मिलेगा। ध्यान केन्द्र में लगे पिरामिड के नीचे ध्यान करने से तीन गुना अधिक लाभ मिलता है। ध्यान केन्द्र में ध्यान करने से दिमाग और शरीर दोनो स्वस्थ्य रहते हैं। ध्यान के शारीरिक आरोग्य, एकाग्रता, बुद्धि विकास, विचार क्षमता, आत्मविश्वास, कार्य क्षमता आदि अनेक लाभ है। ध्यान से आलस्य में कमी और सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। विशेषतः मानसिक दिव्यांग विधार्थियों का बौद्धिक विकास व एकाग्रता से जीवन के सभी लक्ष्यों को हासिल करने में सहायता मिलती है। ध्यान केन्द्र की सभी सुविधाएं निःशुल्क है। ध्यान केन्द्र का शुभारंभ मेडिटेशनल गुरू विजेन्द्र पवार एवं वैशाली पवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष जगदीश प्रसाद लिल्लोरे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन दीपक आम्बेकर ने व आभार हेमलता पाटनकर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सुनील हिरणी, पारस भोपते, प्रवेश कावरे, विजय जसूजा, बाबा माकोडे, सुनीता पंडित, विलास पाटील, नीता पाटील व जय नारायण सर्वोदय विद्यालय से दीपक आंबेकर, योगेश धुवारे, अर्चना आंबेकर, कमल देशमुख सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### राजीव चौक तिगड्डे के पंप हाउस से 50 मी कॉपर केबल चोरी

**सारनी।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की राजीव चौक तिगड्डे के वार्ड क्रमांक 16 चंद्रशेखर आजाद वार्ड के पंप हाउस से बीती रात को अज्ञात चोरों ने लगभग 50 मीटर केबल चोरी कर ले जाने में सफल हुए हैं। बताया जाता है की चोरी गया कॉपर केबल का बाजार मूल्य लगभग दस हजार के आसपास बताई जा रहा है। पंप हाउस ऑपरेटर संजय खातरकर ने बताया कि 50 मीटर केबल चोरी हो जाने के कारण पंप हाउस बंद रहा जिसकी वजह से राजीव चौक तिगड्डे सहित आसपास के क्षेत्र में बुधवार को पानी की आपूर्ति करने का कार्य नहीं किया जा सका है।वही वार्ड पार्षद योगेश बर्डे ने बताया कि इस तरह झुग्गी बस्तियों में अज्ञात चोरों के माध्यम से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिसकी वजह से आम लोगों में आक्रोश का माहौल व्याप्त है। पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से पंप हाउस का अज्ञात चोरो के माध्यम से कॉपर केबल चोरी करके ले जाने का कार्य किया गया है ऐसे लोगों को चिन्हित करके उनकी धर पकड़ की जानी चाहिए ताकि सार्वजनिक व्यवस्था खराब ना हो सके।

### 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**बैतूल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं जिला न्यायाधीश डॉ. महजबीन खान ने बताया कि लंबित प्रकरणों के निपटारे के लिए अध्यक्ष एवं न्यायमूर्ति प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विधिक प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री प्राण द्वारा मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सचिव विधिक डॉ.महजबीन खान एवं अन्य समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से प्री लिटिगेशन की सुविधा के द्वारा दोनों पक्ष एफआईआर कराने अथवा किसी भी प्रकार की मुकद्दमे बाजी के पूर्व ही अपने विवाद सुलझा सकते हैं। विधिक प्राधिकरण की सचिव एवं जिला न्यायाधीश डॉ.महजबीन खान ने कहा कि जिला विधिक प्राधिकरण के नामित एडवोकेट मीडिएटर की बेंच में आवेदन देकर त्वरित न्याय का लाभ उठा सकते हैं।

### नेत्र सहायक एमबीबीएस डॉक्टर बनकर रहे ग्रामीणों का इलाज

# हद है: भैंसदेही के सुरक्षा गार्ड कर रहे सरकारी अस्पताल में इलाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के सरकारी अस्पतालों के हालत बद से बदतर हैं आलम ये है कि करोड़ों की लागत वाले आलीशान अस्पतालों में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ होने के बावजूद सुरक्षा गार्ड गर्भवती महिलाओं का इलाज कर उनकी जान से खिलवाड़ कर रहा है तो कही नेत्र सहायक गांव गांव घूमकर एमबीबीएस डॉक्टर की तरह मरीजों का बेधडक़ इलाज कर उनकी जान से खिलवाड़ करने में लगे हुए है। बैतूल जिले से सामने आई दो तस्वीरों को देखने के बाद आप आसानी से समझ जाएंगे की सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जिम्मेदार अधिकारी कितने गंभीर है। मामला सामने आने के बाद जिम्मेदार जांच करवा कर कार्यवाही की बात कह रहे हैं।

पहला हैरान कर देने वाला मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही का है जन्हा अस्पताल में प्रायवेट कंपनी का सिक्योरिटी गार्ड बाला खंडाईत अस्पताल में इलाज करवाने आई गर्भवती महिलाओं का शुगर,बीपी चैक कर रहा है। ऐसा नहीं है की इस अस्पताल में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ पदस्थ नहीं है। बावजूद इसके गर्भवती महिलाओं के ईलाज जैसे गंभीर मामले में इलाज कराने आई गर्भवती महिलाओ का सिक्योरिटी गार्ड इलाज कर रहे हैं। बिना किसी प्रशिक्षण के यह सुरक्षागार्ड गर्भवती महिलाओ का चैकअप कर उनकी जान से खिलवाड़ कर रहा है। सुरक्षागार्ड का गर्भवती महिलाओं का चैकअप करते वीडियो भी सामने आया है।

दूसरा मामला झल्लार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सामने आया है। इस अस्पताल में नेत्र सहायक के पद पर पदस्थ मुकेश यादव बिना किसी डिग्री के गांव गांव में घूमकर ग्रामीण मरीजों का मोटी रकम लेकर सरकारी दवाएं मरीजों को दे रहा है। नेत्र सहायक किसी डॉक्टर की तरह बेखौफ होकर ग्रामीणों का इलाज़ करता है। हर मर्ज की दवा अपने बैग में लेकर झोलाझाप डॉक्टर ग्रामीणों से पैसे लेकर उनकी जान से खिलवाड़ कर रहा है। नेत्र सहायक का ग्रामीणों का इलाज़ करते और पैसे लेकर सरकारी दवाएं देने का वीडियो भी ग्रामीणों ने बनाया है। इन दोनों मामलों के सामने आने के बाद सरकारी अस्पतालों की मॉनिटरिंग पर सवाल खड़े हुए है। जिस प्रकार गर्भवती महिलाओं और ग्रामीणों का इलाज़ किया जा रहा है और सरकारी दवाएं देकर पैसे वसूले जा रहे है इसे रोकने वाला कोई नहीं है। इन मामलों में मरीजों ने दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। बैतूल के सीएमएचओ डा रविकांत उईक से जब इन मामलों को लेकर चर्चा की गई तो उन्हें इनकी जानकारी ही नहीं थी। हमारे द्वारा बताए जाने पर वे टीम बनाकर दोनों मामलों की जांच करने की बात कह रहे है। देखना यह होगा की इतने गंभीर मामलों में अब क्या कार्यवाही होती है। शिकायत कर्ता सचिन श्रीवास्तव जोकि अपने ही परिजन को लेकर अस्पताल गए थे जंहा उन्होंने देखा की अस्पताल का पियूंन गर्भवती महिलाओं का बीपी शुगर माप रहा था जोकि गलत है मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है इसकी जांच होना चाहिए और दोषियों पर कार्यवाही होना चाहिए।

#### इनका कहना है

इस मामले में कहा की इस तरह कोई भी गार्ड मरीजों का या गर्भवती महिलाओं का उपचार या बीपी शुगर नहीं माप सकता जिसके लिए एक कमेटी गठित की गई है जोकि मामले की जांच करेगी।

**डा रविकांत उईके,** सीएमएचओ बैतूल

### ग्राम बरई में बिजली गिरने से

## ब्राह्मणवाड़ा में तेज हवा के साथ हुई मूसलधार बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

बीते दो दिनों से क्षेत्र के मौसम में आय बदलाव ने एक बार फिर क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

बुधवार को ग्राम ब्राह्मणवाड़ा और उसके आसपास के ग्रामों में तेज आंधी तूफान के साथ हुई वर्षा ने अनेक वृक्षो को जड़ से उखाड़ फेंका, ब्राह्मणवाद के समीप स्थित आधार दर्शन से अधिक ग्रामों में जमकर आंधी और मुर्शिदाबाद वर्षा हुई जिसके चलते सब्जी की फसल पूरी तरीके से चौपट हो गई वही गेहूं की दावन के बाद खलीयान में रखा भूसा बर्बाद हो गया बता दे की ग्रामीण क्षेत्र में गेहूं की रावण के बाद निकलने वाला भूसा मवेशियों के लिए साल भर उपयोग में आता है इस बे -मौसम बरसात ने भूसे को भारी नुकसान हुआ है जिससे किसानों को वर्ष भर भूसे की किलत से गुजरना पड़ेगा ।किसानों ने बताया कि क्षेत्र में 2 दिन से हो रही वर्षा के चलते खेत में लगी सब्जी की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। वहीं दूसरी ओर ग्राम बरई में आकाशीय बिजली गिरने से तीन मवेशियों की मौत हो गई। मुलताई क्षेत्र मे बीते दो दिनों से मौसम में आय बदलाव ने एक बार फिर क्षेत्र में कहर बरपाना प्रारंभ कर दिया है। ग्राम बरई में तेज आंधी तूफान और बारिश के साथ अचानक से बिजली गिरने के चलते एक खेत में बंधे तीन मवेशियों की मौत होने की जानकारी मिल रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बरई निवासी ढेपुल पुत्र गेंदू कसारे के खेत



में दो भैंस और एक गाय बंधी हुई थी। अचानक से तेज आंधी तूफान के साथ बारिश होने और इस दौरान बिजली गिरने से तीनों की मौत हो गई। हालांकि गनीमत रही की इस समय खेत में कोई और मौजूद नहीं था। घटना के बाद इस संबंध में उन्होंने मुलताई पुलिस थाने पहुंचकर सूचना दी। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि अचानक से गिरी बिजली से तीनों मवेशियों की मौत हो गई है, वहीं बारिश से नुकसान भी पहुंचा है।

### अफसर, कर्मचारियों की बैठक हुई

## मतदाताओं को मताधिकार के लिए प्रेरित करेंगे नपा कर्मी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं स्वीप नोडल अधिकारी अक्षत जैन के निर्देशों के अनुपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान किए जाने को लेकर बुधवार को नगर पालिका परिषद बैतूल में अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर चर्चा की गई।

सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि नगर पालिका परिषद के कर्मचारी शत-प्रतिशत मतदान किये जाने हेतु डोर टू डोर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करेगे तथा पहचान हेतु परिचय पत्र के अलावा 12 चिन्हित पहचान पत्र के संबंध में नागरिकों को जागरूक करेंगे। निकाय द्वारा प्रदान किये जाने वाले स्टीकर घरों पर चिपका कर तथा मार्कर पेन से घरों को चिन्हित करेंगे। सीएमओ ने बताया कि सबसे अधिक मतदान वाले तीन मतदान केन्द्रों को पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही 10 मतदान केन्द्रों को सांत्वना पुरस्कार दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नीरज धुर्वे, सहायक यंत्री विजय हुद्दार कार्यालय अधीक्षक, ब्रजगोपाल परते, राजस्व निरीक्षक, अखिल नीलकंठ राय, राजस्व उप निरीक्षक, शोभाराम वरकड़े सहायक वर्ग 01 एवं निकाय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### 'मेरा हेलमेट मेरी सुरक्षा'

## आओ सब हाथ मिलाएं दुर्घटना मुक्त प्रदेश बनाएं: सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



लगातार जिले एवं प्रदेश में बढ़ रही सड़क दुर्घटना शोध और जाच का विषय बना हुआ है। यह बात समाज सेवी सुनील सरियम ने व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना को घर से कंट्रोल करने की आवश्यकता है। उन्होंने दो पहिया वाहन चलाने वाले लोगों से अपील की है कि जब भी घर से वह निकले तो बिना हेलमेट लेकर ना निकले साथ ही उन्होंने संपूर्ण जिले वासियों से अपील की है कि वर्तमान समय में वैवाहिक कार्यक्रम का दौर चल रहा है और युवा वर्ग वैवाहिक कार्यक्रम में मदिरा पान को एक फैशन की तरह मान रहे हैं और शराब का सेवन करने के बाद आना धूम तरीके से दुपहिया वाहन चलाते हैं जो दुर्घटना का कारण बनता है।

#### उपहार स्वरूप देते हैं वाहन रोककर हेलमेट

नेशनल हाईवे पर यदि दो पहिया वाहन के साथ बिना हेलमेट के परिवार सहित कोई व्यक्ति सफर करता है तो समाजसेवी सुनील सरेयम के माध्यम से अपने वाहन को रोककर उसे परिवार को सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए उन्हें हेलमेट उपहार के स्वरूप में देने का काम करते हैं। साथ ही वे उसे परिवार से अपील करते हैं कि आपके घर परिवार में आपकी पत्नी बेटा बेटी मां पिताजी आपका इंतजार कर रहे हैं। जरा सी लापरवाही में दुर्घटना बड़ी हो सकती है और यह दुर्घटना जानलेवा भी साबित हो सकती है ऐसी स्थिति को देखते हुए बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन पर सफल न करने की अपील भी उनके माध्यम से लगातार शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में किया जाता है और किया जा रहा है उसके बाद भी सड़क दुर्घटना का अनुपात कम नहीं हो रहा है उन्होंने जिला प्रशासन और सरकार से अपील की है कि सड़क दुर्घटना का अनुपात कैसे काम किया जा सकता है इसको लेकर प्रशासन के माध्यम से विचार विमर्श और इसकी रोकथाम के लिए पहल की जानी चाहिए जो ज्यादा बेहतर रहेगा।

## प्रदेश की प्रवीण्य सूची से नदारद बैतूल

### दोनो ही बोर्ड एग्जाम में चूका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से इस बार 5 फरवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 के बीच परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस बार 10वीं और 12वीं को मिलाकर साढ़े 17 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इसमें से सात लाख से अधिक छात्र 10वीं बोर्ड के थे।इस बार अनुष्का अग्रवाल ने टॉप किया है, जिन्होंने 500 में से 495 अंक हासिल किए हैं। अनुष्का ने मैथ्स और साइंस में 100 में से 100 अंक हासिल किए हैं। इस बार 237 छात्रों का परिणाम रोका गया है। आपको बता दें कि बोर्ड के मुताबिक, इस बार 10वीं बोर्ड का परिणाम बेहतर नहीं रहा है। क्योंकि, इस बार करीब 58 फीसदी छात्र ही सफलता प्राप्त कर सके हैं। इस बार प्रदेश की प्रवीण्य सूची में टॉप 5 में बैतूल अपना स्थान नही बना पाया।

#### सरस्वती विद्या मन्दिर का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट12वीं में 34 और 10वीं में 27 विद्यार्थी प्रथम उत्तीर्ण

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती विद्या मन्दिर कालापाठा के संस्था के प्राचार्य संजय उपाध्याय ने बताया कि स्कूल के कक्षा 12वीं परीक्षा में 34 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी और कक्षा 10वीं में 27 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। हायर सेकण्डरी में प्रथम स्थान आयुष सोनी ने 88 प्रतिशत, आशीष घोरपड़े ने 84.6 प्रतिशत, निशा यदुवंशी ने 76 प्रतिशत अंक और हाई स्कूल परीक्षा में प्रियांशी सोनी ने 91 प्रतिशत, ओम सोनी ने 90.4 प्रतिशत, पीयूष देशमुख ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय संचालन समिति महर्षि अरविन्द शिक्षा समिति, प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कश्मीरीलाल बतरा, सचिव मुकेश खण्डेलवाल, परिजनों और ईष्टमित्रों ने बधाई दी है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक पोस्टर दिखाकर कर रहे मतदाताओं को जागरूक

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार कि गतिविधियों का आयोजन के निर्देश दिये गये है। इसी श्रृंखला में गत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता एवं स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई जिसमें स्वयं सेवकों द्वारा बड़े बड़े पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकसभा निर्वाचन में सर्वाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वयं सेवकों द्वारा जिले के अनेक स्थानों पर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया और पोस्टर फ्लैश के माध्यम से मतदान करने के लाभ एवं उपयोगिता से अवगत करवाया। मतदाता जागरूकता की गतिविधि को जिले के सब्जी मंडी, पान चौराहा ,भोपाल नाका,और गांधी रोड पर की गई।

### आदिवासी और कोरकू समाज के लोगों ने चुनाव आयोग को दी चेतावनी

# लाठियां नदी पर पुल नहीं तो चुनाव का करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

विधायक और सांसद चुनाव जीते हैं और आदिवासी और कोरकू समाज के लोगों को भूल जाते हैं ऐसे में सांसद विधायक के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में आक्रोश का माहौल है और कोरकू समाज के माध्यम से लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार किए जाने का निर्णय लिया गया है। पुनर्वास केंम्प के नूतनडागा पंचायत के अंतर्गत आने वाले भंडारपानी उसके बाद इमलीखेड़ा वनग्राम के कोरकू समाज के लोगों के द्वारा लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की गई है।

15 अप्रैल के पूर्व भंडारपानी गांव के लोगों के द्वारा बैठक लेकर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की गई अब इमलीखेड़ा वनग्राम के कोरकू समाज के माध्यम से लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जा रहा है। गांव के 70 वर्षी गुड्डु पटेल बैठे ने बताया कि संसद और विधायक चुनाव तो जीत जाते हैं और उसके बाद गांव में मूलभूत सुविधा को बहाल करने का आश्वासन देकर अपने वादे की खिलफी करते हैं। ऐसी स्थिति की वजह से ग्रामीणों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है आदिवासी समुदाय के सांसद विधायक होने के बाद भी उनकी शुद्ध नहीं लेना किसी अपराध से काम नहीं है, ऐसी स्थिति को देखते हुए आने वाले 7 मई को लोकसभा चुनाव का कोरकू समाज के माध्यम से बहिष्कार किए जाने का निर्णय लिया गया है।

#### लाठियां नदी गोपालपुर से इमलीखेड़ा के बीच में है

गोपालपुर गांव से 5 किलोमीटर की दूरी पर इमलीखेड़ा वन ग्राम है 5 किलोमीटर गोपालपुर से इमलीखेड़ा के बीच में लाठियां नदी लगभग तीन बार पड़ती है और बारिश के मौसम में इस नदी का रूप विकराल रहता है पहाड़ी क्षेत्र से निकलने वाली नदी होने की वजह से इसकी रफ्तार तूफानी रहती है। बारिश के मौसम में लाठियां नदी के उफान को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो जाता है। इस लाठियां नदी पर विधायक और सांसद के माध्यम से पुलिया निर्माण करने का आश्वासन पिछले 60 वर्षों से दिया जा रहा है लेकिन कांग्रेस और भाजपा किसी भी संसद और विधायक ने लाठियां नदी पर पुल का निर्माण करना उचित नहीं समझा यही वजह है कि इस बार कोरकू समाज के लोगों ने एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में लाठियां नदी पर पुल नहीं तो वोट नहीं का नारा देकर चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की है।

#### मत प्रतिशत मत बढ़ाए जाने की योजना हो रही विफल

निर्वाचन आयोग जिला प्रशासन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मत प्रतिशत बढ़ सके अधिक से अधिक मतदान हो सके इसको लेकर नित नई योजना का संचार करके ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने का काम कर रहे हैं। लेकिन विधायक और संसद के माध्यम से चुनाव जीतने के बाद गांव में मूलभूत सुविधा का ध्यान नहीं दे रहे हैं इस वजह से पुनर्वास केम्प चोपना के नूतनडागा पंचायत के अंतर्गत आने वाले इमलीखेड़ा गांव के कोरकू समाज ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किए जाने की घोषणा की है। जबकि नूतनडागा पंचायत के अंतर्गत आने वाले भंडारपानी के ग्रामीणों ने 15 अप्रैल से लोकसभा चुनाव की बहिष्कार की घोषणा कर चुके हैं और गांव के अलावा दूसरे क्षेत्रों में बहिष्कार का पोस्टर भी लगा चुके हैं। ऐसे में निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन की योजना मत प्रतिशत बढ़ाने की सभी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में दम तोड़ते दिखाई दे रही है।

#### क्या कहते हैं ग्रामीण




विधानसभा लोकसभा दस से अधिक चुनाव देखने के बाद गांव में विकास नहीं हो पाया है सड़क नहीं है नदियों पर पुलिया नहीं है ऐसे में कोरकू समाज के पास चुनाव के बहिष्कार के अलावा कोई दूसरा रास्ता दिखाई नहीं दे रहा।

**गुड्डु पटेल,** बैठे ग्रामीण इमलीखेड़ा



बारिश के मौसम में गर्भवती महिलाओं को अस्पताल और विद्यार्थियों को स्कूल आवागमन करने में परेशानी होती है पुलिया निर्माण के लिए कई बार आश्वासन दिया गया लेकिन अभी भी जमीनी हकीकत कुछ और है ऐसे में चुनाव बहिष्कार करना हमारी मजबूरी बन गई है।

**सोमा भस्मोकर,** ग्रामीण इमलीखेड़ा



बारिश के मौसम में गांव का विकास कार्य और गांव के लोग पूर्ण रूप से रुक जाते हैं बारिश बंद होने के बाद ही कुछ कार्य हो पता है।

**मनुराम बैठे,** ग्रामीण इमलीखेड़ा



बारिश में कोरकू समाज के लोगों को लाटिया नदी पार करने में कई परेशानी होती है सांसद विधायक आश्वासन देकर भूल जाते हैं, इस वजह से इस बार चुनाव का बहिष्कार किया गया है ताकि उन्हें भी एहसास हो कि ग्रामीण क्षेत्र में किस तरह जिया जाता है।

**कमल शीलूकर,**
ग्रामीण इमलीखेड़ा

### विद्युत मंडल सारणी की कॉलोनी से खिडक़ी दरवाजे हो रहे लगातार चोरी

**बैतूल।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ऊर्जा विभाग द्वारा आवास बनाए गए और यह आवास बहुत बड़ी संख्या में बनाए गए। विद्युत मंडल में कार्यरत कर्मचारियों के सेवानिवृत होने के पश्चात उनसे कुछ महीनो में ही मंडल द्वारा आवास खाली करवा लिए जाते हैं और आवास खाली होते ही चोरों द्वारा उन आवासों में से खिडक़ी दरवाजे चोरी कर लिए जाते हैं इसके बाद उक्त आवास खंडहर में तब्दील हो जाता है उक्त घटनाक्रम के कारण सारनी नगर मे कई कालोनियां या तो जमीदौज हो गई या तो खंडहर में तब्दील हो गई उसके बावजूद भी कॉलोनी के आवासों से दरवाजे चोरी होने का सिलसिला नहीं थम रहा कई जगह तो आवास में निवासरत कर्मचारी अगर कहीं छुट्टी पर गया है तो उन आवासों से भी दरवाजे चोरी होने की घटनाएं सामने आई है।

बीते एक सप्ताह में कर्मचारियों की कॉलोनी में खाली हुए पांच आवासों से दरवाजे एवं खिड़कियां चोरी हुए इसके बाद वह आवास खंडहर जैसे हो गए नगर के बीचों-बीच दिनदहाड़े ऐसी चोरियां हो जाना समझ से परे हैं।

### इटारसी की तीन बेटियों ने बढ़ाया नगर का मान, बोर्ड की जिला सूची में बनाया स्थान

# 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में छात्राएं रहीं अव्वल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में जिले की बेटियों ने श्रेष्ठ सफलता अर्जित कर जिले का गौरव बढ़ाया। इटारसी की छात्रा राशिका राय ने जिले की प्राविण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरांवित किया। वहीं अन्य विद्यालयों की छात्राएं भी छात्रों की अपेक्षा अधिक सफल रहीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवी और बारहवी के परीक्षा परिणाम बुधवार शाम घोषित हुए। इटारसी से तीन स्टुडेंट ने जिले की प्रावीण सूची में अपना स्थान बनाया। खास बात यह है कि तीनों बेटियां हैं। इन तीनों में से दो प्रायवेट रेनबो पब्लिक स्कूल की छात्राएं हैं जबकि तीसरी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पुरानी इटारसी की छात्रा हैं।

### इंजीनियर बनकर देश निर्माण की इच्छाः राशिका



मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवी में जिले की मेरिट लिस्ट में टॉप स्थान बनाने वाली इटारसी के न्यास कालोनी की छात्रा राशिका राय की इच्छा इंजीनियर बनकर देश निर्माण की है। इसके लिए वे कड़ी मेहनत कर रही हैं। टॉप मुकाम हासिल करने वाली राशिका राय अपनी सफलता का श्रेय सबसे पहले अपने पिता कौशलेश राय और माता दुर्गा राय से मिले सहयोग और प्रोत्साहन को देती हैं। इसके बाद अपने रेनबो पब्लिक स्कूल के टीचर्स और अपनी कोचिंग के सर से मिले मार्गदर्शन को देती हैं। उनकी इंजीनियर बनने की ख्वाहिश है और इसके लिए वे कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हैं।

### रील की आईपीएस से प्रभावितः पलक



हायर सैकंड्री में जिले की मैरिट लिस्ट में तीसरा स्थान पाने वाली पलक मालवीय सिविल सर्विसेज की तैयारी करेंगी। वे आईपीएस बनने की ख्वाहिशमंद हैं। दरअसल, एक टीवी सीरियल 'दीया और बाती हम' की किरदार संध्या राठी से प्रेरित हैं और इसे देखकर उनके मन में भी सेवा की भावना जागी और उन्होंने सिविल सर्विसेज के लिए अपना मन बना लिया है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय सबसे पहले अपने स्कूल रेनबो पब्लिक स्कूल के टीचर्स, डायरेक्टर्स, फिर अपने माता-पिता और अपने कोचिंग के सर को दिया है। परिणाम से वे बहुत खुश हैं, आगे और बेहतर करने के लिए कड़ी मेहनत की तैयारी कर रही हैं।

### आईएएस की तैयारी शुरु, बिना कोचिंग सफलताः हुमैरा



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12 वी की छात्रा हुमैरा सरदार पटेलपुरा, वार्ड नंबर 2 पुरानी इटारसी की छात्रा हैं। आईएएस बनने का सपना है और उन्होंने अभी से इसकी तैयारी भी प्रारंभ कर दी है। यूपीएससी के लिए वे अभी से मेहनत कर रही हैं। उनकी सफलता के पीछे उनकी स्वयं की मेहनत, स्कूल के शिक्षकों का मार्गदर्शन तो है ही, प्राचार्य सपना गिरधारी की मॉनिटरिंग की भी खासी भूमिका है। वे अपनी कुर्सी पर कम, क्लास में बच्चों की पढ़ाई पर खास नजर रखती हैं। हुमैरा को घर का माहौल भी पढ़ाई के लिए अनुकूल मिला, सबका सहयोग उनकी हौसलाअफजायी के लिए काफी था, उन्होंने बिना कोचिंग के स्वयं के भरोसे यह बेहतर मुकाम हासिल किया है।

## मां के देहांत के बाद घर का काम कर प्रियांशी ने पाया प्रवीण्य सूची में स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर निवासी प्रियांशी पुत्री जगदीश कसेरा ने कक्षा 12 वीं में कला संकाय में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में छटवां स्थान प्राप्त किया है। उक्त सूचना मिलते ही क्षेत्र में एवं कसेरा परिवार में खुशी का माहौल नजर आया। प्रियांशी कसेरा ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रियांशी कसेरा नगर के आदर्श पब्लिक स्कूल की छात्रा है एवं उसने 96.2% अंक प्राप्त किए हैं।

प्रियांशी ने राजनीति विज्ञान में 99, अंग्रेजी में 98, भूगोल में 97, अर्थशास्त्र में 94, हिंदी में 93 अंक प्राप्त किए हैं। प्रियांशी ने बताया कि उसने सेल्फ स्टडी की एवं प्रतिदिन की पढ़ाई के कुछ लक्ष्य निर्धारित किए थे। जिन्हें पूरा करते हुए सफलता प्राप्त की है। प्रियांशी ने अपनी सफलता का श्रेय पिता अपने छोटे भाई एवं शाला परिवार को दिया है। प्रियांशी के पिता जगदीश कसेरा शासकीय शिक्षक हैं। जिन्होंने 1993-94 शिक्षा सत्र में कक्षा 10 वीं में पांच जिलों की प्रावीण्य में सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

### मां के देहांत के बाद घरेलू जिम्मेदारी निभाई

प्रियांशी के पिता जगदीश कसेरा ने बताया कि प्रियांशी की मां हेमलता कसेरा का कोरोना बीमारी के दौरान अप्रैल 2021 में देहावसान हो गया था। जिसके बाद से परिवार की बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी प्रियांशी ने निभाई है। वह स्कूल जाने के पहले घर की रसोई के पूरे कामकाज निपटाती थी। प्रियांशी ने भी अपनी मां को याद किया। प्रियांशी के अनुसार उसकी मां हेमलता कसेरा सदैव बेटी से कलेक्टर बनने की बात कहती थी। प्रियांशी ने कहा कि वह अपनी मां और पिता दोनों का स्वप्न पूर्ण करना चाहती है और मध्य प्रदेश पीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



बनखेड़ी के ग्राम चादौन मे मेहरा भारत पेट्रोल पंप सोमवार रात्रि 12:30 बजे के करीब दीपक पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी परखी तहसील पिपरिया एवं एक व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल से आया, पंप पर कर्मचारी धर्मेंद्र राजपूत एवं कामता मेहरा सो रहे थे की बगैर पैसों के पेट्रोल भरने की अड़ी करने लगा मना करने पर आरोपी दीपक पटेल उम्र 21 वर्ष ने पंप कर्मचारी धर्मेंद्र राजपूत के साथ मारपीट की। बीच बचाव कामता मेहरा एवं शिवम मेहरा ने की उसके बावजूद पंप पर रखी स्टील की डस्टबिन से मारपीट की जिससे धर्मेंद्र राजपूत में चोट आई।

कर्मचारियों ने पंप संचालक लक्ष्मी प्रसाद मेहर को सूचना दी। तत्काल मेहर द्वारा रात्रि को ही एसपी महोदय को जानकारी दी एवं थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें आरोपी दीपक पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी परखी तहसील पिपरिया पर धारा 294, 323, 506 के तहत मामला पंजीबद किया गया। घायल धर्मेंद्र राजपूत को पांच टांके आए, फरियादी ने बताया कि आरोपी द्वारा रिपोर्ट न करने की धमकी देकर मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गया, पुलिस ने विवेचना कर मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर क्रमांक एमपी 05 जेडए 9646 को जप्त, ज्ञात होने की विगत माह ग्राम चादौन में नायरा पेट्रोल पंप संचालक चंदन पटवा की हत्या से ग्रामीण भयभीत है। आसामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद है आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

## बीमार कैदियों के लिए सब जेल में व्यवस्थित नहीं हैं एम्बुलेंस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



सब जेल में कैदियों की बीमार होने पर अधिक बीमार होने पर उन्हें सिविल अस्पताल या बाहर ले जाने के लिए लगभग डेढ़ वर्ष से कोई भी वाहान नहीं है। इस खबर को पूर्व में भी हरिभूमि के द्वारा जनहित में प्रकाशित किया जा चुका है लेकिन जिला जेल अधिकारी एवं जेल के सभी अधिकारियों के द्वारा किस तरह से लापरवाही भारती जा रही है इसका उदाहरण पिपरिया सब जेल में देखने को मिल सकता है। डेढ़ वर्ष से लगातार यहां पर एंबुलेंस कबाड़ा होकर पड़ी हुई है साथ ही एक 407 वहां भी यहां पर कबाड़ा होकर पड़ा हुआ है लेकिन जेल विभाग के द्वारा बताया गया कि कई बार उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है कैदियों को बीमार होने पर वैसे तो जेल में ही कंपाउंडर के माध्यम से लेकिन अधिक बीमार होने पर यदि अस्पताल ले जाया जाता है तो एंबुलेंस कंडोम पड़ी हुई है जेलर के बहन से ही कैदियों को अस्पताल ले जाया जाता है और बाहर यदि रेफर किया जाता है तो वह भी जेलर के निजी वाहन से भेजा जाता है। इस बात को लेकर जिला जेल अधीक्षक से फोन पर चर्चा करनी चाहिए लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया इससे भी यह प्रतीत होता है की जेल विभाग के उच्च अधिकारियों की लापरवाही सरेआम देखी जा सकती है कि एंबुलेंस जैसा इमरजेंसी वहां में भी लापरवाही बढ़ती जा रही है इस बारे में सब जेल अधीक्षक मनीष पवार से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है प्रदेश संचार न्यायालय पर चर्चा हो चुकी जहां कमेटी का गठन भी किया जा चुका है वहां से अधिकारी आकर यहां पर वाहनों की जांच करेंगे तथा उसके पश्चात या तो किराए पर यहां पर वाहन उपलब्ध कराया जाएगा या फिर जेल विभाग के द्वारा नए वाहन भेजे जाएंगे दो वहां यहां पर हमेशा उपलब्ध रहते हैं और रहेंगे।

## श्रीराम कथा में व्यासगादी से राम किशोरी ने कराया कथा का रसपान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रामपुर में चौधरी परिवार की तर परिवार एवं ग्राम वासियों के द्वारा भगवान श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का सप्त दिवसीय एवं राम कथा ज्ञान यज्ञ का सप्त दिवसीय आयोजन किया गया है। राकेश रघुवंशी ने बताया की सत्य दिवसीय राम दरबार का मंदिर का तैयार किया गया है जिसमें सप्त दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का आयोजन भी साथ ब्राह्मणों के द्वारा किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें ब्रह्मचारी महाराज मांगरोल बापुली वालों के द्वारा राम कथा का श्रवण कराया जा रहा है इस दौरान ज्ञान यज्ञ में राम किशोरी विदिशा के द्वारा भी राम कथा का रसपान कराया जा रहा है। अच्छे दिवस की कथा में राम किशोरी ने बताया कि कागभुसुड को ऋषि दुर्वासा के द्वारा यह वरदान दिया गया था कि वह अपनी इच्छा के अनुसार कोई भी रूप धारण कर सकते हैं इसलिए कागभूसुंडा ने भगवान शिव के साथ भगवान राम के जन्म पर उनके दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचे थे और वहां पर उन्होंने मदारी बनकर भी भगवान के राम के दर्शन करने का प्रयास किया था बड़ी मुश्किल के बाद माता कौशल्या ने जब भगवान भोलेनाथ ज्योतिषी बने और जब उन्होंने वहां पर भूमि रमई थी तब जाकर भगवान राम के दर्शन कराए थे इस तरह की कथा का रसपान चौथे दिवस की कथा में राम किशोरी के द्वारा कराया गया। जिसमें आसपास की गांव के लोग एवं साधु संत भी पहुंच रहे जिसका समापन 26 अप्रैल को होगा जिसमें विशाल भंडारी का आयोजन भी किया जाएगा कार्यक्रम का शुभारंभ 20 अप्रैल से हुआ है 25 अप्रैल को विशेष शोभा यात्रा भगवान श्री राम दरबार की निकाली जाएगी तथा 26 अप्रैल को पुणे होती प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारी का कार्यक्रम होगा। स अवसर पर प्रकाश रघुवंशी, राकेश रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी एवं समस्त चौधरी निखार परिवार के द्वारा ग्राम वासियों की सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## गौरव दिवस पर दीपों की श्रृंखला बनाकर दिया सौ फीसद मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




नगर पालिका परिषद और महिला एवं बाल विकास विभाग ने संयुक्त आयोजन में इटारसी शहर का गौरव दिवस मनाया। इस दौरान इटारसी सरोवर में रंगोली सजायी, दीपोत्सव मनाया और आमजन को मतदान करने का संदेश भी दिया। उल्लेखनीय है कि इटारसी शहर का गौरव दिवस 23 अप्रैल को मनाया जाता है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण इस वर्ष इसे बड़े रूप में नहीं मनाकर छोटे रूप में मनाया जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग भी भागीदार रहा।

### इटारसी सरोवर में आयोजन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा के निर्देशन में नगर पालिका कर्मचारियों एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास दीप्ति शुक्ला पर्यवेक्षक, अर्चना बस्तवार, राखी मौर्य एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की मौजूदगी में इटारसी सरोवर में गौरव दिवस का आयोजन किया।

### रंगोली सजाकर 100 फीसद मतदान का संदेश

इटारसी सरोवर में महिलाओं ने फूलों की रंगोली बनायी दीपोत्सव मनाया।

इस दौरान दीपों की श्रंखला बनाकर लिखा गया 'इटारसी के गौरव करेंगे सम्मान 26 अप्रैल को करेंगे 100 प्रतिशत मतदान। इससे पहले सुबह एसडीएम टी प्रतीक राव ने इटारसी के गौरव दिवस के अवसर पर इटारसी के शुभंकर इट्टू, द्वारा की जा रही मतदान की अपील का वीडियो जारी किया। वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे को मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने प्रतीक चिन्ह दिया।

## शादी में शामिल मतदाताओं को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर प्रशासन ने अंतिम दौर की तैयारियों को दुरस्त करते हुए मतदाताओं से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए काफी इंतजाम किए गए है। सोहागपुर एसडीएम बृजेंद्र रावत ने बताया कि जिन घरों में विवाह है , जानकारी मिलने के बाद उन्हे कतार में नही लगना पड़ेगा । ऐसे परिवारों की जानकारी बीएलओ के माध्यम से प्रशासन को उपलब्ध करवाई गई है । जिन घरों में विवाह है उन घरों बीएलओ को भेजकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया । शोभापुर बीएलओ सोमलता मेहरा ने दो परिवारों में जाकर भेंट की और उन्हें मतदान केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। एसडीएम बृजेंद्र रावत एवं तहसीलदार अलका एक्का के अनुसार उन्होंने अधिक से अधिक मतदान करवाने पर फोकस किया है और इस हेतु वह संचार के प्रत्येक संसाधनों का उपयोग करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया है ।

### बाइक रैलिंग से टकराई दो बच्चों समेत तीन घायल



**इटारसी।** नर्मदापुरम हाईवे पर ग्राम रायपुर निवासी एक ग्रामीण अपने बच्चों के साथ शाहपुर जिला बैतूल से एक विवाह समारोह से वापस लौटते वक्त फोरलेन पर रैलिंग से टकराकर घायल हो गया। तीनों का उपचार नर्मदा अपना अस्पताल नर्मदापुरम में चल रहा है। अस्पताल के मनोज सारन ने बताया कि मोटर सायकिल चालक राकेश मालवीय पिता भूरेलाल मालवीय के पेट में चोट आयी है। यह दुर्घटना ग्राम ब्यावरा के पास हुई है। घटना में उनका पुत्र अनमोल 14 वर्ष और महिमा 10 वर्ष भी घायल हुए हैं। सभी को उपचार दिया जा रहा है।

## ग्राम साकेत पंचायत में दस्तक अभियान जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर से सटी ग्राम पंचायत साकेत में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत विवाह समारोह वाले घरों में पंचायत सचिव, सहायक सचिव दस्तक अभियान के अंतर्गत लोगों को अनिवार्य मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

जिले में सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के नेतृत्व में दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन में मतदान शत प्रतिशत हो सके इसके लिये प्रत्येक ग्रामों में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य करने वाला प्रशासनिक अमला लागों को समझाईश दे रहा है। इसी तारतम्य में साकेत ग्राम पंचायत के ग्राम बम्हनगांव खुर्द में विधान सभा होशंगाबाद के मतदान केंद्र 16 में घर-घर जाकर समझाईश दी जा रही है एवं शादी वाले परिवारों को मतदान करने की अपील की जा रही है।

ग्राम में शिवानी चौरे पिता मुन्नालाल चौरे की शादी दमदम के राहुल चौरे पिता डोरीलाल चौरे से हो रही है। ग्राम पंचायत के अमले ने वधु पक्ष के घर जाकर वोट डालने की समझाईश दी।

### उंगली पर निशान बताएं और पाएं रेस्टोरेंट और होटलों में 20 प्रतिशत की छूट

## मतदान करने वाले मतदाताओं को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रशासन तरह-तरह के जतन कर रहा है, इसमें हर वर्ग का सहयोग लिया जा रहा है। बुधवार को एसडीएम टी प्रतीक राव ने पुनः होटल, रेस्टॉरेंट व्यावसायियों की बैठक लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने कुछ विशेष करने को कहा। रेस्टॉरेंट, होटल संचालकों ने तय किया है कि जो भी परिवार वोट डालकर अपनी उंगली पर लगी स्याही दिखाएगा, उसको बिल में 20 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा।

आज एसडीएम कार्यालय में होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसायियों की बैठक में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत वोट पड़ें उसके लिए मतदान के समय सभी अपनी दुकान के सामान को जो वोट डालकर आएगा, स्याही वाला निशान बतायेगा उसको बिल पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। बैठक में फूड सेफ्टी अधिकारी कमलेश दिवाकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा, नीलम रेस्टोरेंट, किशोर रेस्टोरेंट, श्याम स्वीट, गणेश स्वीट, अग्रवाल स्वीट, गोपी स्वीट्स, वैभव स्वीट्स, सहित अन्य रेस्टॉरेंट, होटल संचालक उपस्थित रहे।

### केन्द्रीय संस्थानों में पहुंची जागरूकता टीम




लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी होशंगाबाद ने निर्देश दिए हैं कि इस वर्ष होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत सर्वाधिक करना है। उक्त निर्देश के पालन में अनुविभागीय अधिकारी इटारसी ने नगर पालिका परिषद इटारसी के सहयोग से केंद्रीय संस्थान रेलवे इंस्टीट्यूट, रेलवे विद्युत लोको शेड, ऑर्डनेंस फैक्ट्री इटारसी एवं सेंट्रल प्रूफ रेंज इटारसी अंतर्गत मतदान जागरूकता एवं मतदान संबंधी जानकारी प्रदान करने हेतु संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में जागरूकता अभियान संचालित किया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इन अधिकारी-कर्मचारियों ने इस आशय की शपथ लेकर हस्ताक्षर भी किये हैं।

## श्री हनुमान की प्रतिमा का फूलों से किया श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



समीपस्थ ग्राम जमुनिया में बाल हनुमान सेना के सदस्यों द्वारा केसरी नंदन हनुमान मंदिर को फूलों बंदनवारों रंग बिरंगी झंडियों से सजाकर सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके उपरांत केसरी नंदन हनुमान को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर महा आरती के पश्चात ग्राम से आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करके केसरी नंदन का प्रकट उत्सव मनाया गया इसके पूर्व राम जन्मोत्सव पर भी बाल हनुमान सेना के सदस्यों द्वारा धूमधाम से राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न किया गया था जिसमें ग्राम के वरिष्ठो एवं ग्राम वासियों ने सदस्यों को सहयोग देकर उनके इस प्रकार के सामाजिक कार्यों की सराहना की।

### थम गया ध्वनि विस्तारक यंत्र का चुनाव प्रचार

**पिपरिया।** लोकसभा निर्वाचन के तहत बुधवार से होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र 17 में प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक 26 अप्रैल को मतदान किया जावेगा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 48 घंटे मतदान के पूर्व यानी 24 अप्रैल को धनी विस्तारक यंत्र से चुनाव प्रचार जो संचालित किया जा रहा था वह स्थगित कर दिया गया है। मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व यह स्थगित किया गया इसके पश्चात कोई भी व्यक्ति या व्यक्ति समूह जिसमें पांच या उससे अधिक व्यक्ति शामिल हो उनके जुलूस नारीवादी तथा किसी प्रकार की ऐसी परिचित वितरण करने पर प्रतिबंध लगाया गया है जिससे उत्तेजनात्मक स्थिति उत्पन्न हो इसके बाद किसी प्रकार से किए जाने वाला चुनाव प्रचार रैली ध्वनि विस्तारक यंत्र आमसभा एसएमएस व्हाट्सएप नुक्कड़ नाटक कल के माध्यम से प्रचार संबंधी क्रियाकलापों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

# कांग्रेस इन हेरिटेंस टैक्स लेगी, मतलब आपकी संपत्ति लूटना चाहती है: मोदी








हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरदा में हुई चुनावी सभा में कांग्रेस पर जमाकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में आया है कि इंडी गठबंधन में वन ईयर वन पीएम फार्मूला लागू होगा। मतलब एक साल एक पीएम, दूसरा साल दूसरा पीएम, तीसरा साल तीसरा पीएम, चौथे साल चौथा पीएम, पांचवें साल पांचवां पीएम। ये पीएम की कुर्सी का भी ऑक्सन करने लगे है। प्रधानमन्त्री ने मंच से पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं शिवराज सिंह को दिल्ली ले जाना चाहता हूं। बैतूल लोकसभा सीट के हरदा में बोले हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर बड़ा हमला किया और कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। कांग्रेस ने कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया। कांग्रेस ने गैर कानूनी तरीके से एक चालाकी की है। पीएम मोदी ने ये भी कहा कि कांग्रेस इन हेरिटेंस टैक्स लेगी। मतलब आपकी संपत्ति लूटना चाहती है। उन्होंने आरक्षण पर कहा कि कांग्रेस ओबीसी वर्ग की सबसे बड़ी दुश्मन है। कांग्रेस ने उनका हक छीन लिया है। कर्नाटक में कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया है। इसके लिए गैर कानूनी तरीके से एक चालाकी की है। मुसलमान की सभी जातियों को ओबीसी कोटे में डाल दिया है। कांग्रेस ने इन सबको ओबीसी में डालकर ओबीसी को जो हक मिलता था उसका बहुत बड़ा हिस्सा उसने छीन लिया। कांग्रेस इन हेरिटेंस टैक्स लेगी। आपके पूर्वजों ने जो संपत्ति बचाई जो आपको मिली है। अब कांग्रेस कहती है कि आप अपनी संतानों को वो संपत्ति नहीं दे सकते। करीब-करीब आधी संपत्ति कांग्रेस की सरकार बनेगी तो कानूनन आपसे लूट लेगी। मोदी ने कहा- 2024 के चुनाव ने देश के सामने कांग्रेस की कलई खोलकर रख दी है। ये खुलकर सामने आ गया है कि कांग्रेस दलित, आदिवासी और ओबीसी से कितनी नफरत करती है। कांग्रेस हमेशा बाबा साहब के संविधान को मिटाने और दलित, आदिवासी, ओबीसी आरक्षण को छीनने की कोशिश करती रही है। कांग्रेस इनसे आरक्षण छीनकर उसे अपने खासमखास, प्रिय वोट बैंक को देना चाहती है।

## पूर्व मंत्री ने दिया मूंग का तोहफा



प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा अगर सरकार की नीतियां सही हो, तो किसान क्या कर सकता है। ये इस क्षेत्र के किसानों ने करके दिखाया है। इस क्षेत्र में मूंग का उत्पादन जिस प्रकार से बढ़ा है। मैं हेलिकॉप्टर से उतरकर यहां पहुंचा। चारों तरफ मूंग की बात हो रही है। यहां तोहफा दिया तो वह भी मूंग का दिया। प्रधानमन्त्री मोदी ने हरदा में कहा पहले मोदी जब भी आता था, तो कुछ न कुछ लेकर आता था। आज मैं देने के लिए नहीं आया। आज मैं आपसे कुछ मांगने आया हूं। देश के उज्जवल भविष्य के लिए मांगने आया हूं। विकसित भारत के लिए कुछ मांगने के लिए आया हूं। मैं आपसे आपका आशीर्वाद मांगता हूं। इस दौरान कार्यकम में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, पूर्व मंत्री कमल पटेल, जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा सहित अन्य जन्प्रतिधिनिधि उपस्थित थे। कार्यकम का सञ्चालन नपाध्यक्ष भारतीकमेडिया ने किया।

### आदिवासी पर घेरा कांग्रेस को

मोदी ने कहा- कांग्रेस ने आदिवासी समाज के योगदान को स्वीकार ही नहीं किया। भाजपा ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को राष्ट्रीय जन जातीय गौरव दिवस घोषित किया। भाजपा सरकार में ही लाखों आदिवासी भाई-बहनों को वन अधिकार का पट्टा दिया गया।

## राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की टीम ने स्वास्थ्य सुविधाओं का किया मूल्यांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के मार्गदर्शन में मंगलवार को विकासखण्ड खंडवा के उपस्वास्थ्य केन्द्र नहाल्दा में स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक दिल्ली की टीम द्वारा किया गया। टीम में नेशनल असेसर डॉ. प्रीतिश सूर्यकांत व डॉ. ईरा जैन ने ओ.पी.डी. कक्ष, दवा वितरण कक्ष, स्टोर कक्ष, वार्ड, रिकार्ड संधारण एवं मरीजों की दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन किया। साथ ही दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा के संबंध में ग्रामीणजनों से भी जानकारी ली। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.के. सेठिया, जिला माध्यम एवं विस्तार अधिकारी श्री व्ही.एस. मण्डलोई, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, क्वालिटी मॉनिटर अंकिता भावे, सी.एच.ओ. व अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## ओंकारेश्वर दर्शन कर लौट रहे थे महाराष्ट्र के श्रद्धालु, 6 लोग गंभीर घायल

# पेड़ से टकराई कार, 7 माह के बच्चे की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा के ओंकारेश्वर रोड पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 7 माह के मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। 6 लोग गंभीर रूप से घायल है। कार सवार सभी लोग महाराष्ट्र से है। वे ओंकारेश्वर दर्शन करने आए थे। दर्शन कर वापस महाराष्ट्र लौट रहे थे। घायलों को सनावद सिविल अस्पताल से इंदौर रेफर किया है। हादसा, दोपहर 12 बजे के करीब ओंकारेश्वर रोड पर मोरटक्का और थापना गांव के बीच हुआ। सूचना मिलते ही मोरटक्का चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सनावद सिविल अस्पताल ले गए। हादसे में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। 7 माह के कुणाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पेड़ से टकराई कार चकनाचूर हो चुकी है। घायलों को सनावद से इंदौर रेफर किया गया है। मोरटक्का चौकी प्रभारी शिवराम जाट के





मुताबिक, घायलों में गणेश (35) और उसका परिवार है। बेटा विष्णु (15), पत्नी बीना (35), बेटी स्नेहा (2) और खुशी (5) सहित रामसिंह (55) है। इन्हें गंभीर रूप से चोंटे आई है। प्रारंभिक जानकारी में हादसे की वजह कार का तेजगति होना बताया गया हैं।

## विशेष नशा मुक्ति अभियान, विधिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन के मार्गदर्शन में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के सचिव/जिला न्यायाधीश यशवंत मालवीय के समन्वय व जिला विधिक सहायता अधिकारी कु. अनुपमा मुजाल्दे के सहयोग व उपस्थिति में दादाजी वृद्धाश्रम रामनगर खण्डवा व श्री दादाजी नशा मुक्ति केन्द्र, खण्डवा में विशेष नशा मुक्ति अभियान के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर वृद्धजन, पैरालीगल वालंटियर्स अंजना लखमारे आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में कु. मुजाल्दे द्वारा कहा गया कि नशा नाश है तथा जीवन खास है।

कई बार देखा गया है कि व्यक्ति नशे की लत के कारण अपने जीवन पर गंभीर संकट उत्पन्न कर लेता है, नशे के कारण व्यक्ति गंभीर बीमारी को निमंत्रण देता है, इसलिए नशे से दूर रहना चाहिए। इसी के साथ उनके द्वारा विधिक सेवा योजना आदि कई जानकारी दी गयी।

## अवैध वेंडरों ने थाने पहुंचकर किया था विरोध, 30 से अधिक पर केस

# स्टेशन पर सुरक्षा के लिए नाशिक भुसावल से आए 25 जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

दो दिन पहले अवैध वेंडरों ने आरपीएफ थाने पहुंचकर विरोध दर्ज कराया था। दरअसल करीब 3 माह से आरपीएफ द्वारा ट्रेनों में चलने वाले अवैध वेंडर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके विरोध में दो दिन पहले काफी संख्या में वेंडर आरपीएफ थाने के सामने जमा हो गए थे और विरोध किया था। इसके बाद आरपीएफ ने नाशिक, भुसावल और खंडवा से करीब 25 जवानों का अतिरिक्त बल बुलाया है। इसमें नाशिक आरपीएफ के टीआई भी शामिल हैं। इधर आरपीएफ ने 2 नामजद सहित 30 से अधिक अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। अब हर ट्रेन के आगमन के समय आरपीएफ जवान प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर तैनात नजर आ रहे हैं। अवैध वेंडरों पर नजर रखी जा ही है।

### 3 महीने से हो रही सख्ती से कार्रवाई

आरपीएफ द्वारा पिछले करीब 3 माह से अवैध वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि इससे ही आहत होकर दो दिन पहले स्टेशन पर अवैध वेंडर्स ने विरोध दर्ज कराया था, लेकिन अब यहां आरपीएफ बुरहानपुर के 20 आरपीएफ जवानों के अलावा 25 जवानों का अतिरिक्त फोर्स तैनात किया गया है।

### पेड़ में अचानक लगी आग

**बुरहानपुर।** दिन का तापमान इन दिनों 40 डिग्री सेल्सियस है। ऐसे में दोपहर के समय लोग घरों से कम ही बाहर निकल रहे हैं तो वहीं भीषण गर्मी के चलते अमरावती रोड पर बुधवार दोपहर एक पेड़ अचानक आग लग गई। दोपहर करीब ढाई बजे तेज गर्मी के कारण अमरावती रोड पर बारादरी पिकनिक स्पॉट के पास एक पेड़ में आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नगर निगम के फायर फायटर विभाग को दी। नगर निगम से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बारादरी के पास झाड़िया है। यह सूख चुकी है। बताया जा रहा है कि इससे ही पेड़ में आग लगी। हालांकि फायर फायटर ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

## झिरन्या की बेटी मनीषा धार्वे ने दिखाई हरी झंडी

# मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरुकता अभियान के तहत यहां मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका यूपीएससी परीक्षा में सफल बेटी और निमाड़ के चुनाव पर्व की यूथ आइकॉन कु.मनीषा धार्वे ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। अपना फर्ज निभाना हैं, ₹सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो के नारों के साथ मतदान की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही 13 मई को शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई । रैली जनपद कार्यालय से बस स्टेंड निमोली माता मन्दिर, संत सेवालाल चौराहा, पुराना बस स्टैंड, ग्राम पंचायत झिरन्या से होकर पुनः जनपद कार्यालय पहुंची। इस रैली में सीईओ महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी निर्मला वर्मा, खेल एवं युवा कल्याण के समन्वयक आशीष गुप्ता , बीआरसी राघवेन्द्र जोशी सहित सभी विभागों के शासकीयकर्मी और अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक,सामाजिक कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नवीन मतदाता व क्षेत्र के वरिष्ठ ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# व्यय प्रेक्षक ने बुधनी एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18-विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक महुल भारत जैन (आईआरएस) ने विदिशा संसदीय क्षेत्र के तहत बुदनी स्थित एसएसटी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण तथा एसएसटी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री जैन ने निगरानी दल को निर्देश दिए कि बार्डर पर आने जाने वाले वाहनों की निगरानी एवं जांच की जाये। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सख्त कार्यवाही की जाये। साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार का अवैध मादक द्रव्यों, सोना, चांदी, शराब व अन्य नशीली पदार्थ का परिवहन नहीं होने



दें तथा निगरानी रखने जाने के लिए प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।